प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 14.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मतों की गिनती जारी है। बारहवें राउंड की समाप्ति तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन 64 हजार 6 सौ 37 मतों के साथ भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन पर लगभग तेईस हजार मतों से बढ़त बनाए हुए हैं। श्री बाबूलाल को 41 हजार 252 मत मिले हैं। वहीं, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामदास मुर्मू को अबतक नौ हजार तीन सौ चौसठ मत प्राप्त हुए हैं।

****

उधर, बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए बंपर जीत की ओर अग्रसर है। ताजा रुझानों में एनडीए दो सौ दो सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। इसमें भाजपा 92, जनता दल यूनाइटेड 81, लोजपा आर 20 और अन्य दल 9 सीटों पर आगे चल रहे हैं, जबकि महागठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल को 26 तथा कांग्रेस को मात्र पांच सीटों पर बढ़त है जबकि, तीन सीटों पर अन्य दलों के प्रत्याशी आगे चल रहे हैं।

****

झारखंड राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के तहत आज राज्य के सभी प्रखंडों के सरकारी विद्यालयों में झारखंड की विकास यात्रा, महापुरुषों और आंदोलनकारियों की जीवनी और राज्य के प्रति उनके समर्पण जैसे विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, सवेरे विद्यालयों से प्रभात फेरी निकाली गई। राज्य स्थापना के रजत दिवस समारोह को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन लगभग छह हजार करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन–शिलान्यास करेंगे।

****

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कल मनाई जाएगी। इस सिलसिले में भगवान बिरसा मुंडा के खूंटी जिला स्थित उलिहातू गांव में भी विशेष समारोह आयोजित होगा। गवर्नर संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल उराम यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वहीं, इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

****

विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह सत्रह नवंबर से राज्य में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा करेंगे। 24 नवंबर तक चलने वाली इस समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेंगे। योजना तथा विकास विभाग ने सभी विभागों को पूरी रिपोर्ट तैयार करने का आदेश जारी किया है।

****

जमशेदपुर में पन्द्रह नवंबर से आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में आदिवासी पंरपरा, कला– संस्कृति और जीवनशैली की झलक देखने को मिलेगी।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में जीएसटी घोटाले में आरोपियों की शराब तथा डांस पार्टी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जेल महानिरीक्षक से पूरी रिपोर्ट मांगी है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता

वाली खंडपीठ ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इस मामले पर अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।

****

खूंटी जिले के मुरहू थाना के सिद्धू गांव के समीप चाईबासा—खूंटी मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं पूरे मामले की जांच कर रही है।

**********समाप्त***********